प्राथमिकता संख्या-11

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. **251***
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

तेलंगाना में भारतनेट के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी

*251. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या तेलंगाना के सभी गांवों और ग्राम पंचायतों को भारतनेट या अन्य सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की गई है;
(ख) तेलंगाना में 4जी और 5जी सेवाओं सहित मोबाइल नेटवर्क कवरेज की जिला-वार स्थिति क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य के आकांक्षी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित दूरसंचार अवसंरचना का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार को तेलंगाना के जनजातीय और दूर-दराज के क्षेत्रों में खराब दूरसंचार कनेक्टिविटी के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है; और
(ङ) तेलंगाना में डिजिटल शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य परिचर्या और आर्थिक विकास को सुकर बनाने के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी, डाक अवसंरचना और दूरसंचार सेवाओं में सुधार करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

''तेलंगाना में भारतनेट के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी" विषय पर दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 251* के भाग (क) से (ङ) के उत्तर के संबंध में विवरण।

(क): तेलंगाना राज्य सहित देश के सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त सरकार ने भारतनेट परियोजना के चरण-I और चरण-II के अंतर्गत बनाए गए मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन और नई ग्राम पंचायतों के लिए वृद्धिशील नेटवर्क बनाने, इसके प्रचालन और रखरखाव और 1.5 करोड़ फाइबर-आधारित इंटरनेट कनेक्शन के प्रावधान के लिए डिज़ाइन, निर्माण, प्रचालन और रखरखाव मॉडल के तहत संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दी है। दिनांक 30.6.2026 तक भारतनेट परियोजना के तहत तेलंगाना में 10,833 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा चुका था।

(ख): तेलंगाना राज्य में 10,022 गांवों में मोबाइल कवरेज है, जिनमें से 9,929 गांवों को 4जी/5जी कनेक्टिविटी से कवर किया गया है। जिलावार विवरण अनुबंध–I में है।

(ग) से (ङ): भारत सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से तेलंगाना के जनजातीय और दूर-दराज के क्षेत्रों में दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार के लिए साथ ही तेलंगाना राज्य के आकांक्षी और ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं जैसे कि वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) चरण-**I** उन्नयन, एलडब्ल्यूई चरण-**II** परियोजना और मोबाइल कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए 4जी सेच्युरेशन परियोजना और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए भारतनेट परियोजना। खराब दूरसंचार कनेक्टिविटी के संबंध में शिकायतों का निदान दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के समन्वय से किया जाता है।

दिनांक 30.06.2026 तक, डीबीएन से वित्तपोषित परियोजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना राज्य में 493 गांवों को कवर करते हुए 412 मोबाइल टावर आरंभ किए गए हैं। भारत सरकार ने तेलंगाना राज्य में एबीपी के कार्यान्वयन के लिए तेलंगाना सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और राज्य सरकार को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी की सूचना दे दी है।

डाक विभाग ने तेलंगाना में डाक अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) को तेलंगाना सर्कल के सभी डाकघरों में आरंभ किया गया है। 5,427 शाखा डाकघरों को मोबाइल उपकरणों से लैस किया है, जो डाक, बैंकिंग, बीमा और नागरिक केंद्रित सेवाओं के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं। डाकघर बचत बैंक को कोर बैंकिंग समाधान प्लेटफॉर्म पर पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत किया गया है, जो एटीएम एक्सेस, डीबीटी भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी/आरटीजीएस, ई-पासबुक और ई-केवाईसी सहित आधुनिक डिजिटल सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, तेलंगाना राज्य के सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक - पोस्ट ऑफिस बचत खाता लिंकेज के माध्यम से यूपीआई सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, हैदराबाद सहित छह मेट्रो शहरों में 24/48 स्पीड पोस्ट सेवाएं शुरू की गई हैं।

***

अनुबंध I

दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 251* के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध

तेलंगाना राज्य में 4जी/5जी सेवाओं सहित मोबाइल कवरेज का जिलावार विवरण

क्रम सं.	जिले का नाम	मोबाइल नेटवर्क से कवर किए गए गांवों की संख्या	4जी/5जी सेवाओं के तहत लाए गए गांवों की संख्या
1	आदिलाबाद	488	479
2	भद्राद्री कोठागुडेम	361	357
3	हैदराबाद	1	1
4	जगितियाल	284	284
5	जनगाँव	174	174
6	जयशंकर भूपालपल्ली	206	201
7	जोगुलम्बा गडवाल	191	189
8	कामारेड्डी	457	456
9	करीमनगर	195	195
10	खम्माम	356	355
11	कुमुरम भीम	400	392
12	महबूबाबाद	271	269
13	महबूबनगर	298	298
14	मंचेरियल	360	352
15	मेडक	365	364
16	मेडचल-मलकजगिरी	68	68
17	मुलुगु	299	273

18	नागरकुर्नूल	338	335
19	नल्गोंडा	540	539
20	नारायणपेट	243	242
21	निर्मल	405	398
22	निजामाबाद	424	420
23	पद्दापल्ली	200	200
24	राजन्ना सिरसिला	162	162
25	रंगारेड्डी	441	440
26	संगारेड्डी	568	564
27	सिद्दीपेट	368	368
28	सूर्यापेट	261	261
29	विकाराबाद	480	479
30	वनापर्थी	214	213
31	वारंगल (ग्रामीण)	217	216
32	वारंगल (शहरी)	83	83
33	यादद्री भुवनगिरी	304	302
		10,022	9,929

***